# उपेक्षा के शिकार प्राचीन कुएं-बावड़ियां

**खास बातें**

- कभी बुझाते थे नगर की प्यास
- कहीं मीठा तो कहीं खारा पानी
- जल गंगा संवर्धन अभियान के बावजूद सफाई कार्य अधूरा





नवभारत न्यूज

**पठारी 5 मई, नगर में प्राचीन समय में लोगों की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए दर्जनों कुएं और बावड़ियों का निर्माण कराया गया था. इनमें से कई कुएं और बावड़ियां अपनी आकर्षक और कलात्मक बनावट के लिए भी जानी जाती थीं. ये जलस्त्रोत न केवल पठारी बल्कि बड़ोह क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाते थे, बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी उपलब्ध कराते थे.**

### गंदगी में दब रही पहचान, उपेक्षित कुएं-बावड़ियों पर मंडराया संकट

नगर में स्थित कई कुएं और बावड़ियां गंदगी से पटे पड़े हैं. इनमें कचरा, मलबा और पूजन सामग्री डाली जा रही है, जिससे इनकी स्वच्छता और पहचान दोनों प्रभावित हो रही हैं. कई कुओं की झिरें भी कम होती जा रही हैं, जिससे इनके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है.स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन प्राचीन जलस्त्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण पर ध्यान दिया जाए, ताकि इनकी ऐतिहासिक पहचान और उपयोगिता को फिर से जीवित किया जा सके.

समय के साथ उपेक्षा के चलते ये प्राचीन कुएं और बावड़ियां अब दुर्दशा का शिकार हो गए हैं. सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इनकी साफ-सफाई और संरक्षण का कार्य शुरू होना था, लेकिन अभी तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हो सका है.

नगर में वर्तमान में लगभग 7 कुएं और बावड़ियां मौजूद हैं, जबकि प्राचीन काल में इनकी संख्या कहीं अधिक थी. कई कुएं और बावड़ियां अब अस्तित्व में नहीं हैं, वहीं कुछ को ढक दिया गया है. जल संकट के समय नगर के मोतिया कुएं का उपयोग आज भी किया जाता है.इन कुओं और बावड़ियों का पानी भी अलग-अलग प्रकार का है. कुछ में मीठा पानी उपलब्ध है, जबकि कई का पानी खारा या उपयोग के लायक नहीं रहा. पुराने समय में लोग अपनी जरूरत के अनुसार इन जलस्त्रोतों का उपयोग करते थे. नल-जल योजना शुरू होने से पहले सुबह से लेकर रात तक इन कुओं और बावड़ियों पर लोगों की भीड़ लगी रहती थी. यह स्थान सामाजिक मेलजोल का भी केंद्र हुआ करते थे, जहां लोग अपने सुख-दुख साझा करते थे.

# व्हाइटफील्ड वेयरहाउस में अनियमितताओं का मामला, सर्वेयर हटाया गया

- किसानों ने अवैध वसूली और घटतौली के लगाए आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग तेज



नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर 5 मई, क्षेत्र के व्हाइटफील्ड वेयरहाउस (खिरिया जागीर) में गेहूं उपार्जन के साथ चना और मसूर खरीदी के दौरान गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. किसानों ने आरोप लगाया है कि यहां अवैध वसूली की जा रही थी.**

इस संबंध में जिला प्रबंधक, एमपी स्टेट सिविल सप्लाई को शिकायत दी गई थी, जिसमें सर्वेयर द्वारा ?100 नगद और ?500 ऑनलाइन लेने की बात सामने आई. शिकायत की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित सर्वेयर को हटा दिया.इसके बावजूद वेयरहाउस में गड़बड़ियों के आरोप जारी हैं. किसानों का कहना है कि खाली बोरों के वजन से अधिक गेहूं तौला जा रहा है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है. साथ ही तोल कांटे की जांच के लिए रखा गया 20 किलो का बांट बिना सील के पाया गया, जिससे उसके सही वजन पर भी सवाल उठ रहे हैं.किसानों के अनुसार 5 मई 2026 को सर्वेयर सुरजीत कुशवाहा से संपर्क के दौरान पहले मसूर में मिट्टी और तेवड़ा की बात कही गई, बाद में ?2000 की मांग किए जाने का आरोप है. मांग पूरी न होने पर किसान को अपनी उपज वापस ले जाना पड़ा.पत्रकारों द्वारा मौके पर की गई जांच में भी पहले से तौली गई बोरियों में मिट्टी और तेवड़ा मिलने की बात सामने आई है. कई किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी चना और मसूर की ट्रालियां रोक दी गईं और उन्हें शाम तक इंतजार करने को कहा गया.वेयरहाउस संचालक विनय पटेल पर किसानों से बदसलूकी के आरोप लगे हैं. वहीं सुपरवाइजर सुजीत कुशवाहा पर सैंपल पास कराने के लिए अलग से बातचीत का दबाव बनाने की बात सामने आई है, जबकि सोसाइटी मैनेजर शुभम बैरागी की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं.वेयरहाउस में पीने के पानी, टेंट और प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव की भी शिकायत की गई है.किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके.

## पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर सांची में जश्न

नवभारत न्यूज

**सांची,** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद नगर में खुशी की लहर दौड़ गई. कार्यकर्ताओं ने इस जीत को मोदी सरकार की नीतियों की जीत बताते हुए जनता के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया.नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाइयां देकर खुशी का इजहार किया. इस अवसर पर पूर्व पार्षद रतनलाल जायसवाल, बहादुर सिंह राणा, खुमान सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.कार्यकर्ताओं ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को बधाइयां दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की.जीत के बाद नगर में उत्साह का माहौल देखा गया और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की नीतियों और जनता के विश्वास की जीत बताया.

## भीषण गर्मी में भी जारी मकान जनगणना, एसडीएम ने किया निरीक्षण



- 1 मई से शुरू हुआ कार्य 30 मई तक चलेगा

नवभारत न्यूज

**सांची, नगर सहित क्षेत्रभर में 1 मई से शुरू हुआ मकान एवं आवास जनगणना कार्य अब गति पकड़ चुका है. भीषण गर्मी के बावजूद जनगणना में लगी टीमें घर-घर पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही हैं.**

जानकारी के अनुसार, यह मकान एवं आवास गणना कार्य 30 मई तक जारी रहेगा. नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कड़ी धूप और गर्मी के बीच सर्वेक्षण कार्य तेज गति से किया जा रहा है. यह गणना वर्ष 2027 की जनगणना की तैयारी के तहत की जा रही है.जनगणना कार्य में लगी टीमें घर-घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण कर रही हैं और नागरिकों को इस प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ सहयोग की अपील भी कर रही हैं. साथ ही लोगों को इस कार्य की महत्ता भी समझाई जा रही है.इस महत्वपूर्ण कार्य का निरीक्षण एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा स्वयं किया जा रहा है. उन्होंने प्रगणकों से जानकारी ली और कार्य की प्रगति का जायजा लिया. साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे सही जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करें.निरीक्षण के दौरान नगर परिषद सीएमओ रामलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे.भीषण गर्मी के बीच भी चल रहा यह कार्य प्रशासन की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का स्पष्ट उदाहरण बन रहा है.

# हम्मालों की मनमानी पर बवाल





- तुलाई विवाद में किसान से मारपीट
- एक्स्ट्रा पैसे और 50 किलो गेहूं की मांग का विरोध करने पर हमला
- चार आरोपियों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**पठारी 5 मई, तहसील के शहरवासा स्थित सहकारी समिति के लीला वेयरहाउस में तुलाई को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है, जो हिंसक झड़प में बदल गया. ग्राम बनोह निवासी किसान सौरभ सिंह ठाकुर अपनी गेहूं से भरी ट्राली लेकर कई दिनों से तुलाई के इंतजार में था.**

बताया जा रहा है कि जब उसकी बारी आई और उसने अनाज खाली करना शुरू किया, तभी हम्मालों ने पहले अन्य किसानों की तुलाई शुरू कर दी. इस पर किसान ने विरोध जताया, जिसके बाद कथित तौर पर उससे एक्स्ट्रा पैसे और प्रति ट्राली 50 किलो गेहूं की मांग की गई.

किसान द्वारा इनकार करने पर विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद स्थिति हिंसक हो गई. आरोप है कि हम्मालों ने किसान पर पत्थर और ईंटों से हमला कर दिया, जिससे उसे पेट और पैर में चोटें आईं. मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया.पीड़ित किसान ने केंद्र प्रभारी और कुछ कर्मचारियों पर भी मनमानी और साजिश के आरोप लगाए हैं. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो पूरे मामले को और गंभीर बनाता है.वहीं, पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि क्या अब किसानों को अपनी ही फसल की तुलाई के लिए भी इस तरह की परेशानियों और हिंसा का सामना करना पड़ेगा.



## सीएमएचओ ने सिरोंज चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार ने सिरोंज जन चिकित्सालय का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया.**

उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की. उन्होंने डायलिसिस सेवा प्रारंभ करने के लिए उपयुक्त कक्ष का चयन करने के निर्देश दिए. ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध हो सके. इसके अतिरिक्त लेबर रूम एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट में बेहतर तापमान नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए एसी की व्यवस्था करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं.

## गुलाबगंज में 103 कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह संपन्न




नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** नगर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सहयोग से आयोजित मामा विवाह सम्मेलन में 103 कन्याओं का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए श्रीमती साधना सिंह चौहान, उनके पुत्र कार्तिकेय चौहान एवं विदिशा विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे. सभी नवदंपतियों को लगभग साठ हजार रुपये का गृहस्थी सामान भी प्रदान किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत स्टेशन स्थित श्री हनुमान मंदिर से बारात के रूप में हुई, जो हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित विवाह स्थल तक पहुंची. यहां अलग-अलग मंडपों में विधिवत विवाह संस्कार संपन्न कराए गए. बारातियों और दूल्हों का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.बारात में दूल्हे अश्व पर सवार रहे, जबकि कुछ ऑटो में आए. ढोल-नगाड़ों और शहनाई की धुन पर युवाओं ने नृत्य कर माहौल को उत्सवमय बना दिया. विदिशा व्यापार संघ के बैनर तले सतीश गंगवाल द्वारा शरबत का नि:शुल्क स्टॉल लगाया गया.कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में भाजपा नेता राकेश कटारे एवं उनकी मित्र मंडली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. विवाह संस्कार पंडित अरुण शर्मा द्वारा संपन्न कराए गए.

## हितकारिणी धर्मशाला में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित, 31 मरीजों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा, देवयंती धर्म कांटा सेवार्थ संस्था के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में 4 मई 2026, सोमवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निश्शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया. समिति द्वारा सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया.**

शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरि प्रसाद, सेंटर प्रतिनिधि दीपक कुशवाह, डाटा एंट्री ऑपरेटर नीतू श्रीवास्तव एवं भोपाल से आए डॉ. हितेश मिचलानी ने सेवाएं दीं. कुल 31 मरीजों की ओपीडी जांच की गई.जांच के दौरान 11 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया. वहीं 10 मरीजों को जांच के बाद निश्शुल्क दवाइयां दी गईं, जबकि 10 अन्य मरीजों को चश्मा बनवाने हेतु परामर्श दिया गया.

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह, सह सचिव विनीत अरोरा, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सुरेश ताम्रकार, राधेश्याम साहू, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, प्रकाश महेश्वरी, विष्णु ताम्रकार, राम गोपाल गुप्ता, नेतराम मिश्रा, सुभाष ताम्रकार, हेमंत राय, नाटू भाई, हरिनारायण ताम्रकार, चन्द्रशेखर ताम्रकार, लाल बहादुर ताम्रकार, दीपक ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार, जगदीश भावसार, देवी लाल कुशवाह तथा हितकारिणी धर्मशाला के मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला और समिति की इस पहल की सराहना की गई.

**जनसुनवाई** | जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं जनता की समस्याएं, सिरोंज में आयोजित हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई

# 122 में से 75 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, कलेक्टर अंशुल गुप्ता की मौजूदगी में मंगलवार को सिरोंज में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 122 आवेदन आए. जिनमें से 75 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया. वही शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए.**

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकांश आवेदनों का निराकरण कराया. कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही आवेदनों का निराकरण कराया. शेष लंबित आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश उपस्थित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं. जनसुनवाई में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये और निराकरण की पहल की. जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग सहित अनेक विभागों ने स्टॉल लगाकर आवेदकों की समस्याएं सुनीं. साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवेदकों की स्वास्थ्य जांच की पहल भी की गई. जहां आवेदकों की जांच उपरांत उन्हें जरूरी दवाओं का निश्शुल्क वितरण भी किया गया. इसके अलावा आधार अपडेट और आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की सुविधा भी सिरोंज की जनसुनवाई में उपलब्ध कराई गई.

जनसुनवाई में ग्राम कस्बाताल के आवेदक संतोष श्रीवास्तव ने पीएम और सीएम किसान सम्मान निधि योजना तहत लाभ प्राप्ति में आ रही पोर्टल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया. जिसका मौके पर निराकरण कराया गया. ग्राम तरवरिया की आवेदिका चुक्कोबाई ने फोती नामांतरण नहीं करने विषयक आवेदन दिया. जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने इस संबंध में कहा है कि संबंधित पटवारी द्वारा तब तक वेतन आहरण ना किया जाए जब तक कि संपूर्ण गांव की रिकॉर्ड दुरस्ती न कर दी जाए. सिरोंज क्षेत्र के आवेदक इदरीश खान ने नक्शा त्रुटि सुधार एवं बटांकन नस्तीकरण के आदेशों का पालन न होने तथा पटवारी द्वारा नई फाइल पेश किए जाने के संबंध में आपत्ति संबंधी आवेदन दिया. इसका निराकरण भी मौके पर किया गया. सिरोंज के वार्ड 21 अयोध्या बस्ती निवासी कपूरी बाई ने शासकीय भूमि पर निर्मित मकान का पट्टा प्रदान करने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने संबंधी आवेदन दिया. जिस पर नपा सीएमओ को शीघ्र ही आवेदक की समस्या का निराकरण करते हुए पट्टा प्रदान करने व योजना का लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए गए. सिरोंज के वार्ड 13 निवासी रामकृष्ण महावर कोली समाज सेवा समिति द्वारा श्री रामकृष्ण मंदिर का रास्ता बंद होने के संबंध में कार्यवाही करने का आवेदन दिया. समिति के सदस्यों ने रास्ता बंद होने संबंधी विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया. जिस पर कार्रवाई करते हुए रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए गए. वार्ड 21 निवासी किशवर जहां ने पट्टा प्रदाय करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह 25 वर्षों से काबिज होकर आधिपत्यधारी हैं. इस कारण उन्हें पट्टा दिलवाए जाने की बात कही गई. इस मामले में भी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए. ग्राम परसौरा के किसान यशवंत सिंह ने सोयाबीन का मुआवजा दिलाने की मांग की, ग्राम मदागन के लोगों ने ग्राम पंचायत साकलोन अंतर्गत ग्राम मदागन की बंजारा बस्ती में हैंड पंप लगवाने संबंधी आवेदन दिया. जिस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मदागन ग्राम की बंजारा बस्ती में हैंडपंप लगवाने के निर्देश दिये गए. इसके अलावा अन्य आवेदकों की भी समस्याओं को सुना है और मौके पर ही निराकरण किया गया है. जनसुनवाई में एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

## सुरक्षित सिरोंज, सशक्त युवा के तहत जागरुकता अभियान

- पुलिस ने विद्यार्थियों से किया संवाद
- युवाओं को यातायात, साइबर सुरक्षा व नशा मुक्ति का दिया संदेश



**20 वाहनों के विरुद्ध की कार्यवाही**

अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन चेकिंग की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7 हजार 800 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया.

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिरोंज में सोमवार को एक बहुआयामी जागरूकता एवं शिक्षा शिविर का आयोजन किया गया. इस अभियान में एसडीओपी सोनू डाबर, थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय एवं यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया.**

यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा विश्वविद्यालय परिसर में वाहनों की फिटनेस एवं सुरक्षा मानकों की जांच की गई. साथ ही छात्रों को राह-वीर योजना, गोल्डन ऑवर में कैशलेस उपचार एवं हिट एंड रन प्रतिकर योजना की जानकारी दी गई. थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय ने छात्रों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए ओटीपी, व्यक्तिगत जानकारी एवं संदिग्ध लिंक साझा न करने की सलाह दी. साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए नशा मुक्त सिरोंज का संदेश दिया. एसडीओपी सोनू डाबर ने छात्राओं को महिला अपराधों एवं उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि बेटियां डरे नहीं, बल्कि सजग बनें. किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें. अभिमन्यु अभियान और महिला हेल्पलाइन 1090 आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है. उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं को यातायात संबंधी नियमों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि सड़क पर आपकी सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि आपके परिवार की खुशियों की गारंटी है. हमेशा हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का सम्मान करें.